## 'जागो ग्राहक जागो ऐप'

उपभोक्ता मामले विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस (24 दिसंबर) के अवसर पर सार्वजनिक उपयोग के लिए 'जागो ग्राहक जागो ऐप', 'जागृति ऐप' और 'जागृति डैशबोर्ड' का शुभारंभ किया।

**प्रमुख बिंदु-**

- **'जागो ग्राहक जागो ऐप'** उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में आवश्यक ई-कॉमर्स जानकारी प्रदान करता है, उन्हें सचेत करता है कि कोई यूआरएल असुरक्षित हो सकता है।
- **'जागृति ऐप'** उपयोगकर्ताओं को उन यूआरएल की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है, जहां उन्हें एक या अधिक डार्क पैटर्न्स की उपस्थिति का संदेह है, जिन्हें अवैध घोषित किया गया है।
- साथ ही सीसीपीए को **'जागृति डैशबोर्ड'** के साथ मजबूत किया जा रहा है, जिसका उपयोग उपरोक्त डार्क पैटर्न्स की उपस्थिति के लिए ई-कॉमर्स यूआरएल पर वास्तविक समय की रिपोर्ट बनाने के लिए किया जाता है।

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग वर्षांत समीक्षा 2024

**वैश्विक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सूचकांक में भारत की रैंकिंग में लगातार वृद्धि**

- ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 में शीर्ष नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने **39वां स्थान** हासिल किया है।
- डब्ल्यूआईपीओ रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत दुनिया में बौद्धिक संपदा (आईपी) फाइलिंग के मामले में **6वें स्थान** पर है।
- नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स (एनआरआई) में भारत 79वें स्थान (2019) से **49वें स्थान** (2024) पर पहुंच गया है।

- **अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन**
  - अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन ने ईवी मिशन और समावेशिता अनुसंधान अनुदान शुरू किया।
- **राष्ट्रीय क्वांटम मिशन**
  - केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठ वर्षों की अवधि के लिए 6003.65 करोड़ रुपये की कुल लागत से राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (एनक्यूएम) को मंजूरी दी।
- **राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम)**
  - इस मिशन को MeitYऔर डीएसटी द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित किया जा रहा है, और इसने 2023 तक देश भर में 28 स्थलों पर 27 पेटा फ्लॉप (पीएफ) की कंप्यूटिंग क्षमता सृजित की है।
- **जलवायु परिवर्तन अनुसंधान**
  - विभाग ने जलवायु परिवर्तन पर दो राष्ट्रीय मिशन लागू किए- (a) हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय मिशन (एनएमएसएचई) और (b) जलवायु परिवर्तन के लिए रणनीतिक ज्ञान पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमएसकेसीसी)।
- **विज्ञान और इंजीनियरिंग में महिलाएँ**
  - दो नए कार्यक्रम शुरू किए गए, अर्थात् अंतर्राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में अनुसंधान प्रशिक्षण के लिए महिला अंतर्राष्ट्रीय अनुदान सहायता (**विंग्स**) और प्रारंभिक एवं मध्य स्तर की महिला वैज्ञानिकों के लिए महिला नेतृत्व कार्यक्रम।
  - प्रमुख फैलोशिप कार्यक्रमों के माध्यम से 340 से अधिक महिला वैज्ञानिकों को समर्थन दिया गया।
- बाढ़ और सूखे के लिए चार नए उत्कृष्टता केंद्रों और जोखिम मानचित्रण के साथ जलवायु परिवर्तन पहल का विस्तार किया गया।
- प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने सात प्रमुख परियोजनाओं में **₹220.73 करोड़** की सहायता के साथ नवाचार को बढ़ावा दिया।

## 'स्पैडेक्स' मिशन

- इसरो भारत के 'स्पैडेक्स' मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से **30 दिसंबर** को लॉंच करेगा।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

**प्रमुख बिंदु-**

- इस मिशन के तहत दो छोटे अंतरिक्ष यान **पीएसएलवी-सी 60 रॉकेट** से एक साथ प्रक्षेपित किए जाएंगे।
- मिशन में सफलता हासिल करने के साथ ही भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद **अंतरिक्ष 'डॉकिंग' प्रौद्योगिकी में सक्षम दुनिया का चौथा देश** बन जाएगा।
- **उद्देश्य:** इस मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान को **'डॉक' और 'अनडॉक'** करने की क्षमता को प्रदर्शित करना है।
- एक अंतरिक्ष यान से दूसरे अंतरिक्ष यान के जुड़ने को डॉकिंग और अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने को अनडॉकिंग कहते हैं।
- **महत्त्व:** यह प्रौद्योगिकी भारत के महत्वाकांक्षी मिशनों जैसे चंद्रमा से नमूने वापस लाने, भारतीय अंतरिक्ष केंद्र (बीएएस) के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है।

## नो डिटेंशन पॉलिसी

केंद्र सरकार ने स्कूल स्टूडेंट्स को फेल ना करने की 'नो डिटेंशन पॉलिसी' हटाने का ऐलान किया है।

**प्रमुख बिंदु-**

- इसके तहत कक्षा 5 और क्लास 8 में फेल होने पर आगे की क्लास में प्रमोट नहीं किया जाएगा।
- वर्ष **2009** में स्कूलों में नो-डिटेंशन पॉलिसी लागू की गई थी, जिसके तहत कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को फेल होने पर भी प्रोन्नत कर दिया जाता था।
- **शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम** में संशोधन करके 2019 में इसे खत्म करने की नींव रखी गई थी। अब पांच साल बाद इसमें संशोधन किया गया है।

## डॉ. अंबेडकर सम्मान छात्रवृत्ति योजना

- आप (आम आदमी पार्टी) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अंबेडकर सम्मान छात्रवृत्ति योजना' की घोषणा की।
- इसके तहत **शीर्ष अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा** के लिए प्रवेश लेने वाले **दिल्ली के दलित छात्रों** की फीस के साथ-साथ यात्रा और रहने का खर्च भी वहन किया जाएगा।
- यह योजना दलित सरकारी कर्मचारियों के बच्चों पर भी लागू होगी।

## उत्तर प्रदेश - लघु समाचार

- **मणिपुर और उत्तर प्रदेश** की सरकारों ने **'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम** को लागू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा देना है।
    - यह कार्यक्रम भाषा, संस्कृति, परंपराओं, संगीत, पर्यटन, भोजन, खेल जैसे क्षेत्रों में बातचीत बढ़ाने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने पर केंद्रित है।

## चर्चित व्यक्तित्व-नियुक्ति

**वी. रामसुब्रमण्यन**

- सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज वी. रामासुब्रमण्यन को **एनएचआरसी का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यह नियुक्ति की। यह नियुक्ति मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत की गई है।



- वे 3 सितंबर 2019 से 29 जून 2023 तक सुप्रीम कोर्ट के जज रहे।

**श्रीराम कृष्णन**

- अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति श्रीराम कृष्णन को **एआई पर वरिष्ठ नीति सलाहकार** नियुक्त किया।



## चर्चित व्यक्तित्व-निधन

**श्याम बेनेगल**

❖ फिल्म निर्देशक श्याम बेनेगल का मुंबई में निधन हो गया।



❖ उनकी आयु **90 वर्ष** थी।

❖ उन्हें वर्ष 1976 में पद्म श्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

❖ उनकी सफल फिल्मों में **मंथन, जुबैदा और सरदारी बेगम** शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण दिन/दिवस

**24 दिसंबर**

**राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस**




❖ भारत में हर साल **24 दिसंबर** को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस, उपभोक्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

❖ इस दिन **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986** (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 द्वारा प्रतिस्थापित) को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली थी।

❖ **वर्ष 2024 का विषय:** वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच।

## खेल

**67वी राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप**

❖ अंतरराष्ट्रीय राइफल **शूटर शाहू तुषार माने** (रेलवे) ने 67वें राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता।

❖ यह प्रतियोगिता भोपाल के एम.पी. राज्य अकादमी (एमपीएसए) शूटिंग रेंज में आयोजित की गयी।

❖ महाराष्ट्र के पूर्व विश्व चैंपियन **रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल** ने शानदार 254.9 का स्कोर बनाकर जूनियर फाइनल जीता।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

**मध्य प्रदेश**

❖ मध्य प्रदेश को वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा 2025 के लिए **'गो-टू ग्लोबल डेस्टिनेशन'** के रूप में मान्यता दी गई है। यह सम्मान राज्य की समृद्ध विरासत, अद्वितीय वन्य जीवन और असाधारण प्राकृतिक सुंदरता को उजागर करता है।

## वैश्विक - समसामयिकी

**मलेशिया**

❖ मलेशिया ने भारतीय नागरिकों के लिए **31 दिसंबर, 2026 तक वीज़ा-मुक्त प्रवेश** की अवधि बढ़ा दी है।

❖ इसका उद्देश्य अधिक आगंतुकों को आकर्षित करना, आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना और **विजिट मलेशिया वर्ष 2026** की तैयारी करना है।

## विविध

❖ स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा **आठ राष्ट्रीय पुरस्कार** प्रदान किए गए हैं। ये पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 20-22 दिसंबर, 2024 के दौरान रायपुर में आयोजित **46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन** में प्रदान किए गए।

❖ **निसान मोटर कंपनी और होंडा मोटर कंपनी ने मर्जर** के लिए मोमेरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) पर साइन किया है। इस मर्जर का उद्देश्य निसान को मौजूदा संकट से निकालना और सेल्स के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ऑटो कंपनी बनाना है।

❖ गणतंत्र दिवस परेड 2025 के लिए कर्तव्य पथ पर अपनी झांकियां प्रदर्शित करने के लिए निम्नलिखित **15 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का चयन** किया गया है: आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

➢ गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के लिए झांकी का विषय **'स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास'** रखा गया है।

❖ भारतीय वायुसेना के समग्र क्षमता विकास पर विचार करने के लिए सरकार द्वारा रक्षा सचिव **राजेश कुमार सिंह** की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया।

❖ जीएसटी परिषद ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी रोकने के लिए अहम कदम उठाते हुए कर चोरी की आशंका वाले कुछ वस्तुओं के लिए **'ट्रैक एंड ट्रेस' तंत्र** लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके तहत ऐसी **वस्तुओं या पैकेट पर एक विशिष्ट चिह्न** लगाया जाएगा, ताकि आपूर्ति श्रृंखला में उनका पता लगाया जा सके।

❍❍❍❍